फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
**Email Id- jalnigam3@gmail.com** **Mo. No.- 9473942677**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक कैम्प / मीरजापुर / 01 दिनांक 17.05.2026

विषयः— **जनपद मीरजापुर के अमर उजाला ई—समाचार पत्र में दिनांक 17.05.2026 को "274 में 30 फीसदी ओवर हेड टैंक बने शोपीस , एक लाख परिवार प्रभावित" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के अमर उजाला ई—समाचार पत्र में दिनांक 17.05.2026 को "274 में 30 फीसदी ओवर हेड टैंक बने शोपीस, एक लाख परिवार प्रभावित" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड नरायनपुर में विद्युत आपूर्ति बाधित होने कारण 02 नग शिरोपरि जलाशयों से आच्छादित 6 ग्रामों की जलापूर्ति बाधित है। विकास खण्ड पहाडी में विद्युत आपूर्ति प्राप्त न होने के कारण कुल 104 शिरोपरि जलाशयों के सापेक्ष 35 नग शिरोपरि जलाशयों से जलापूर्ति की जा रही है। विकास खण्ड मझवां, सीखड़, कोन,. छानबे, सिटी, जमालपुर एवं पटेहरा कलां में क्रमशः 12, 03, 06, 10, 24, 11 एवं 04 नग शिरोपरि जलाशयों पर विद्युत आपूर्ति प्राप्त न होने के कारण जलापूर्ति बाधित है। समाचार पत्र में वर्णित विकास खण्ड सिटी के ग्रामों—महेवा, खजुरी, अनन्तरामपट्टी, धनीपट्टी, लच्छापट्टी, चेरूईराम, मिश्र लहौली, देवापुर, दुल्लहपुर, राजपुर, पथरा दसौधी, बीरशाहपुर, बेदौली, सिनहर कलां, परवाराजधर एवं विकास खण्ड पटेहरा कलां के ग्राम पटेहरा कलां उर्फ कुबरी पटेहरा अन्तर्गत फारम बस्ती में विद्युत आपूर्ति प्राप्त न होने के कारण जलापूर्ति बाधित है। उपरोक्त वर्णित समस्त विकास खण्डों में जलापूर्ति सुचारू किये जाने हेतु विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

भवदीय

~~(राजेश कुमार गुप्ता)~~
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता

अमर उजाला



अमर उजाला ई-पेपर के 2 वर्ष के प्लान पर पाएं ₹ 100 की छूट



# Mirzapur News: 274 में 30 फीसदी ओवरहेड टैंक बने शोपीस, एक लाख परिवार प्रभावित

Updated Sun, 17 May 2026 12:26 AM IST



अमर उजाला ई-पेपर के 2 वर्ष के प्लान पर पाएं ₹ 100 की छूट

Disclaimer

हम डाटा संग्रह टूल्स, जैसे की कुकीज के माध्यम से आपकी जानकारी एकत्र करते हैं ताकि आपको बेहतर और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान कर सकें और लक्षित विज्ञापन पेश कर सकें। अगर आप साइन-अप करते हैं, तो हम आपका ईमेल पता, फोन नंबर और अन्य विवरण पूरी तरह सुरक्षित तरीके से स्टोर करते हैं। आप कुकीज नीति पृष्ठ से अपनी कुकीज हटा सकते है और रजिस्टर्ड यूजर अपने प्रोफाइल पेज से अपना व्यक्तिगत डाटा हटा या एक्सपोर्ट कर सकते हैं। हमारी Cookies Policy, Privacy Policy और Terms & Conditions के बारे में पढ़ें और अपनी सहमति देने के लिए Agree पर क्लिक करें।